# स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने स्कूल में डस्टबिन वितरण किया गया

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र–छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने एवं स्वच्छता में सहयोग देने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। जिसमें महापौर परिषद् सदस्य नेहा साहू, पार्षद उषा शर्मा एवं प्रदीप सेन उपस्थित रहे। नगर निगम भिलाई द्वारा शहर के सभी स्कूलों हेतु आई.डी.बी.आई बैंक के सी.एस.आर मद से डस्टबिन वितरण किया गया। डस्टबिन वितरण के दौरान आई.डी.बी.आई बैंक के मैनेजर एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। निगम आयुक्त द्वारा बच्चों एवं शिक्षिकाओं को स्कूल परिसर, घरो एवं आस–पास क्षेत्रों में साफ–सफाई बनाए रखने हेतु अपील किया गया। नगर निगम भिलाई का आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 01 आने हेतु सभी को प्रयास करने की जरूरत बताया। सभी छात्र–छात्राओं से सफाई से संबंधित सवाल–जवाब भी किया गया। गीला एवं सूखा कचरा अलग–अलग डिब्बे में डालने के संबंध में बताया गया। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने भी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किये। इस दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, सागर दुबे, पीआईयू अभिनव ठोकने उपस्थित रहे।

